प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 15.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- वन नेशन वन इलेक्शन विधेयक लोकसभा में कल होगा पेश, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक से संघवाद के सिद्धांतों को कमजोर करने के आरोपों को किया खारिज।

2- राज्य में आज से शुरू हो रही है धान की खरीदारी। खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी जामताड़ा से इस कार्यक्रम की करेंगे शुरूआत।

3- जेएसएससी सीजीएल के सफल अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच कल से, रिजल्ट रद्द कराने की मांग को लेकर आज से रांची में हजारों छात्रों का जुटान।

4- मस्कट में महिला जूनियर एशिया कप के फाइनल में आज भारत का मुकाबला चीन से, सेमीफाइनल में भारत ने जापान को दी थी शिकस्त।

*******************

एक देश एक चुनाव से संबंधित विधेयक कल लोकसभा में पेश किया जाएगा। इसको लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने उन आरोपों को खारिज कर दिया है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक संघवाद के सिद्धांतों को कमजोर करता है। नई दिल्ली में टीवी चैनल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होना कोई नई बात नहीं है।

*******************

राज्य में धान की खरीदारी आज से शुरू हो रही है। खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी जामताड़ा से इस कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। पहले दिन एक सौ बारह केन्द्रों पर धान की खरीद होगी। इसके लिए तीन हजार पच्चीस किसानों को एसएमएस भेजा गया है। सरकार की ओर से छह सौ निन्यानबे धान क्रय केन्द्र चिन्हित किए गए हैं। सरकार ने इस बार भी किसानों से साठ लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य रखा है। मंत्री इरफान अंसारी ने किसानों से सरकारी धान क्रय केन्द्र पर ही धान बेचने की अपील की है। इधर धनबाद जिले के सोलह केंद्रों में आज से धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ हो रहा है। इसके लिए धनबाद में सारी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं।

*******************

जेएसएससी सीजीएल के सफल अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच कल से की जाएगी। आज से रांची में हजारों की संख्या में छात्रों का जुटान शुरू हो गया है। छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि कल झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोमवार को एक तरफ आयोग प्रमाण पत्रों की जांच करेगा तो दूसरी तरफ हजारों छात्र कार्यालय के महाघेराव में जुटेंगे। वहीं भारतीय जनता युवा मोर्चा की जमशेदपुर इकाई ने जिला भाजपा कार्यालय से साकची गोलचक्कर तक प्रदर्शन किया।

*******************

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा में धांधली की साजिश के पीछे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हाथ है। हेमंत सरकार से उन्होंने सीबीआई जांच की मांग की है।

*******************

बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन द्वारा इस वर्ष भी हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया गया है। बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर चार स्थित मुख्य मार्ग पर सैकड़ो लोगों ने अपनी अंदर छिपी प्रतिभा का खुलकर प्रदर्शन किया। कड़ाके की ठंड के बावजूद बच्चे से बुजुर्ग तक हैप्पी स्ट्रीट पहुंचे। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के डी आई जी दिग्विजय सिंह ने हैप्पी स्ट्रीट के आयोजन के लिए बोकारो स्टील प्रबंधन की सराहना की।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लौह पुरूष सरदार पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल का व्यक्तित्व और उनके कार्य देश की एकता और अखंडता तथा विकसित भारत के संकल्प् को हासिल करने में देशवासियों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे।

*******************

बिहार सरकार में पूर्व मंत्री और मधुपुर से पूर्व विधायक कृष्णानंद झा का निधन हो गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई लोगों ने उनके निधन पर शोक जताया है।

*******************

श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री के प्रयास को साकार करते हुए बोकारो के एक किसान ने बड़े पैमाने पर बाजरे की खेती की है।

*******************

राज्य में लगातार बह रही उत्तरी–पछुआ हवाओं ने कनकनी बढ़ा दी है। राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी रांची से सटे मैक्लुसकीगंज में न्यूनतम तापमान तीन डिग्री जबकि कांके का तीन दशमलव तीन डिग्री रहा। तापमान कम होने के कारण कई जगहों पर घास पर बर्फ देखने को मिली। मौसम विभाग ने बढ़ते ठंढ को देखते हुए लोगों से सर्तकता बरतने की अपील की है।

*******************

मस्कट में महिला जूनियर एशिया कप के फाइनल में आज भारत और चीन आमने–सामने होंगे। पूर्व विजेता भारत अपना खिताब बरकरार रखने की दमदार स्थिति में है। इससे पहले, चीन ने भारत को पूल मैच में दो–एक से हराया था। चीन नौ अंकों के साथ पूल ए में शीर्ष और भारत दूसरे स्थान पर था। कल, भारत ने जापान को तीन–एक से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। दीपिका को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरे सेमीफाइनल में, चीन ने दक्षिण कोरिया को चार–एक से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

*******************

- रामगढ़ व्यवहार न्यायालय में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें कुल 145 मरीजों को निःशुक्ल स्वास्थ्य सेवा दी गई।
- हजारीबाग में झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के आलोक में सिविल कोर्ट परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें कुल 50 हजार एक सौ मामलों का निष्पादन किया गया।
- चतरा जिले में इस वर्ष के अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 16 सौ 26 वादों का निष्पादन किया गया। वहीं सरकार को 15 करोड़ 79 लाख 49 हजार 681 रुपए की राजस्व वसूली भी हुई वहीं रामगढ़ में आयोजित लोक अदालत में दस हजार एक सौ सोलह वादों का निष्पादन किया गया।

*******समाप्त***********